राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

1. अपील संख्या – 1835/2014/जयपुर.

मैसर्स एल्कोटेक इलेक्ट्रोनिक्स (इण्डिया) प्रा. लिमिटेड,
(नया नाम इओलेन इलेक्ट्रोनिक्स बेंगलौर प्रा. लि.).
इलेक्ट्रोनिक सिटी, फेज–।।, बैंगलोर, कर्नाटक–560100 .....अपीलार्थी.

बनाम

1. अपीलीय प्राधिकारी–II, वाणिज्यिक कर जयपुर.
2. वाणिज्यिक कर अधिकारी, प्रतिकरापवंचन, राज.–I, जयपुर. .....प्रत्यर्थी.

2. अपील संख्या – 314/2015/जयपुर.

सहायक आयुक्त, प्रतिकरापवंचन, राजस्थान–प्रथम, जयपुर. .....अपीलार्थी.

बनाम

मैसर्स एल्कोटेक इलेक्ट्रोनिक्स (इण्डिया) प्रा. लिमिटेड,
(नया नाम इओलेन इलेक्ट्रोनिक्स बेंगलौर प्रा. लि.).
इलेक्ट्रोनिक सिटी, फेज–।।, बैंगलोर, कर्नाटक. .....प्रत्यर्थी.

खण्डपीठ
श्री खेमराज, अध्यक्ष
श्री मनोहर पुरी, सदस्य

उपस्थित : :

श्री अलकेश शर्मा, अभिभाषक .....व्यवहारी की ओर से.
श्री एन. के. बैद,
उप–राजकीय अभिभाषक .....विभाग की ओर से.

निर्णय दिनांक : 11/08/2016

निर्णय

1. ये दोनों अपीलें उपायुक्त (अपील्स), प्रथम, वाणिज्यिक कर, जयपुर (जिसे आगे **'अपीलीय अधिकारी'** कहा जायेगा) के अपील संख्या 94/अप्रा–I/एनआरडी/2014–15 में पारित किये गये आदेश दिनांक 17.09.2014 के विरूद्ध राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (जिसे आगे **'वेट अधिनियम'** कहा जायेगा) की धारा 83 के प्रस्तुत की गयी हैं। अपीलीय अधिकारी ने उक्त आदेश से वाणिज्यिक कर अधिकारी, प्रतिकरापवंचन, राजस्थान, वृत–प्रथम, जयपुर (जिसे आगे **'कर निर्धारण अधिकारी'** कहा जायेगा) के वेट अधिनियम की धारा 24(6) सपठित 25, 55 व 61 के तहत पारित किये गये आदेश दिनांक 11.04.2014 के विरूद्ध प्रस्तुत अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए कर निर्धारण अधिकारी द्वारा आरोपित कर रूपये 12,04,85,412/– व ब्याज रूपये 6,39,27,426/– की पुष्टि करते हुए वेट अधिनियम की धारा 61 के तहत आरोपित शास्ति रूपये 24,09,70,824/– को अपास्त किया है। अतः कर व ब्याज के बिन्दु पर अपीलार्थी व्यवहारी द्वारा अपील संख्या 1835/2014 एवं शास्ति के बिन्दु पर अपीलार्थी राजस्व द्वारा अपील संख्या 314/2015 प्रस्तुत की गयी है।

लगातार.....2

2. ये दोनों अपीलें एक ही पक्षकार से सम्बन्धित होने तथा अपीलीय अधिकारी के एक ही आदेश के विरूद्ध प्रस्तुत किये जाने से दोनों अपीलों का निस्तारण एक ही निर्णय से किया जाकर निर्णय की प्रति प्रत्येक पत्रावली पर पृथक—पृथक रखी जा रही है।

3. प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार हैं कि अपीलार्थी व्यवहारी के व्यवसाय स्थल का सर्वेक्षण दिनांक 13.05.2010 को किया गया था। सर्वेक्षण में अपीलार्थी फर्म द्वारा वित्तीय वर्ष 2008—09 में (दिनांक 01.09.2008 से 31.03.2009) में डबल रेडियो यूनिट की बिक्री 4 प्रतिशत की दर से किया जाना पाया गया। कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अपने आदेश दिनांक 24.09.2010 द्वारा अपीलार्थी फर्म पर अन्तर कर रूपये 12,04,85,412/— ब्याज रूपये 2,77,11,645/— धारा 61 तहत शास्ति रूपये 35,43,68,859/— कुल रूपये 50,25,65,916/— कायम किये गये थे। उपरोक्त मांग को पुनः आदेश दिनांक 01.11.2010 को संशोधित किया जाकर रूपये 38,91,67,881/— आरोपित किये गये। अपीलार्थी द्वारा कर निर्धारण आदेश दिनांक 24.09.2010 के विरूद्ध अपील किये जाने पर उपायुक्त (अपील्स) प्रथम, वाणिज्यिक कर, जयपुर द्वारा अपने आदेश दिनांक 02.05.2011 के द्वारा निम्नानुसार मामले का निस्तारण किया गया :—

> ".....यदि कर निर्धारण अधिकारी उक्त विश्लेषण व अभिमत से भिन्न विचार रखते है तो उन्हें इसे वैज्ञानिक आधार पर प्रमाणित करना चाहिए था। किन्तु इस प्रकरण में ऐसा नहीं किया गया व बिना विश्लेषण किये हुए बिना प्रमाण के निष्कर्ष निकाला गया है। अतः कर निर्धारिण्ण अधिकारी द्वारा आरोपित कर, ब्याज व शास्ति को अपास्त करते हुए प्रकरण कर निर्धारण अधिकारी को प्रतिप्रेषित करते हुए निम्न निर्देशों की पालना पुनः आदेश पारित करने हेतु निर्देर्शित किया जाता है कि DRU पर कर देयता सामान्य दर (12.5 प्रतिशत) निर्धारित करने से पहले अपीलार्थी द्वारा पेश विकीपिडिया के साक्ष्य, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के पेटेन्ट, विशेषज्ञों की राय (opinion) को वैज्ञानिक प्रमाण सहित गलत साबित करे।
>
> BTS किस प्रकार से ट्रांसमिशन एपरेट्स नहीं है इसे प्रमाणित करे व यह भी प्रमाणित करें कि DRU, BTS का अभिन्न अंग नहीं है। यदि इस संबंध में कर निर्धारण अधिकारी इसके अतिरिक्त भी विशेषज्ञों की राय (opinion) लेना चाहे व जांच द्वारा अन्य साक्ष्य जुटना चाहें तो वे इसके लिए स्वतंत्र है।....."

लगातार.....3

4. अपील आदेश दिनांक 02.05.2011 की अनुपालना में कर निर्धारण अधिकारी द्वारा दिनांक 10.10.2011 को नियम 35 आरवैट नियम सपठित धारा 26, 55 व 61 रा.मू.प.क.अ., 2003 के तहत् आदेश पारित किया गया। कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अपने आदेश में यह अंकित करते हुये कि —

> ".....आलोच्य प्रकरण में विवादित वस्तु डीआरयू, ट्रांसमिशन एपरेटस का सब पार्ट है, ना कि पार्ट, जबकि रा.मू.प.क.अ., 2003 के शिड्यूल—चतुर्थ की प्रतिष्टि क्रमांक 65 की उप प्रविष्टि क्रमांक 28 (part of 1-27 Above) में केवल ट्रांसमिशन एपरेटस के पार्ट को ही 4 प्रतिशत की दर कर दर में होना अधिसूचित है। आलोच्य प्रकरण में बीटीएस, ट्रांसमिशन एपरेटस का पार्ट है और डीआरयू ट्रांसमिशन एपरेटस के पार्ट का सब—पार्ट है। किसी भी राज्य में बिक्री कर का निर्धारण माननीय विधायिका द्वारा पारित कानून, अध्यादेश, अधिनियम एवं अधिसूचनाओं से निर्विष्टि होता है जिसमें कतिपय वस्तु के संबंध में प्रभावी कर दर का वर्गीकरण माननीय विधायिका की स्पष्ट मंशा का घोतक है। जैसा कि पूर्व मे उल्लेख किया जा चुका है कि रा.मू.प.क.अ., 2003 में वस्तु विशेष के parts components, Assessories के संबंध में अधिसूचित वस्तुओं को नोटिफाईड किया हुआ है।....."

5. कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अपने आदेश दिनांक 10.10.2011 में अभिनिर्धारित किया है —

> ".....निष्कर्षतः आलोच्य प्रतिप्रेषित प्रकरण में उक्तानुसार माननीय उपायुक्त (अपील्स) द्वारा निर्दिष्ट वस्तुओं की जांच कार्य सम्पादित किया जा चुका है। प्रकरण को प्रतिप्रेषित होने का जो ठोस आधार चिन्हित किया था उसमें, डीआरयू के संबंध में विषय विशेषज्ञों की एवं विकिपीडिया एनसाइक्लोपीडिया की वेबसाईट पर उपलब्ध व्याख्या का व्यवहारी द्वारा प्रस्तुत निर्वचन की विवादित वस्तु के संबंध में सम्पूर्ण विश्लेषण किया जा चुका है। फलस्वरूप डीआरयू न तो ट्रांसमिशन एपरेटस है और न ही ट्रांसमिशन एपरेटस का पार्ट है। वस्तुतः डीआरयू **as per opinion given by the MNIT subject specialists is as under..... "It is clarified that" DRU is integral part of BTS" should be interpreted as DRU is sub-part of transmission apparatus as DRU is part of BTS which is part of transmission apparatus."** इस प्रकार आलोच्य प्रकरण में विवादित कमोडिटी सामान्य कर दर की श्रेणी से आच्छादित है।...."

लगातार.....4

6. उपरोक्त आदेश दिनांक 10.10.2011 द्वारा भी कर निर्धारण अधिकारी द्वारा यह मानते हुये कि डीआरयू किसी भी शिड्यूल में अंकित नहीं है और न ही यह वेट अधिनियम के शिड्यूल–IV की प्रविष्टि क्रमांक 65 की उप प्रविष्टि क्रमांक 28 में आच्छादित होती है। अतः कर निर्धारण अधिकारी द्वारा यह माना गया कि डीआरयू न तो ट्रांसमिशन एपरेटस है और न ही ट्रांसमिशन एपरेटस का पार्ट है। उनके द्वारा यह माना गया कि डीआरयू सामान्य कर श्रेणी की दर से आच्छादित होती है।

7. कर निर्धारण अधिकारी के आदेश दिनांक 10.10.2011 की अपील उपायुक्त (अपील्स) प्रथम, जयपुर द्वारा दिनांक 20.04.2012 को अपील का निर्णय किया गया। अपील आदेश में मुख्यतः निम्न प्रकार से अपील का निस्तारण किया गया :–

> ".....MNIT के विशेषज्ञों द्वारा दुबारा जो राय दिनांक 26.08.2011 को दी गई उसे प्रमुख आधार मानकर कर निर्धारण अधिकारी द्वारा आदेश इस तथ्य को मानकर पारित किया गया कि BTS एक ट्रांसमिशन एपरेट्स ना होकर ट्रांसमिशन एपरेट्स का एक पार्ट मात्र है। इस प्रकार ट्रांसमिशन एपरेट्स का BTS एक पार्ट है एवं DRU उसका सब–पार्ट है तथा सब–पार्ट को कर निर्धारण अधिकारी द्वारा पार्ट की श्रेणी में नहीं मानकर इसे एक भिन्न वस्तु मानकर शिड्यूल–IV Part-A की प्रविष्टि संख्या 28 से कवर्ड नहीं मानकर अपना निर्णय दिया है।
>
> कर निर्धारण अधिकारी द्वारा पार्ट व सब–पार्ट का कोई समुचित लीगल आधार बताये बिना उक्त कर निर्धारण आदेश पारित किया गया। विद्वान अभिभाषक द्वारा बहस के दौरान कथन किया कि पार्ट का पार्ट भी मुख्य वस्तु का पार्ट होता है।
>
> इसके अतिरिक्त विद्वान अभिभाषक ने आगे कथन किया कि कर निर्धारण अधिकारी द्वारा नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त का उल्लंघन करते हुये यह आदेश पारित किया गया है एवं अपीलार्थी द्वारा MNIT के तीनों विशेषज्ञों का कटु परीक्षण (क्रॉस–एग्जामिनेशन) का अवसर चाहा था, उसे भी स्वीकार नहीं किया गया। कटु परीक्षण (क्रॉस–एग्जामिनेशन) का अवसर दिये बिना ही एवं तथ्यों की निष्पक्ष जांच किये बिना ही उक्त निर्णय पारित किया गया।
>
> कर निर्धारण अधिकारी ने अपने कर निर्धारण का मुख्य आधार MNIT द्वारा दी गयी राय दिनांक 26.08.2011 को बनाया है जिसमें DRU को BTS का पार्ट बताया गया है।

लगातार.....5

कर निर्धारण अधिकारी ने अपने आदेश में यह भी माना है कि ट्रांसमिशन एपरेट्स संयुक्त रूप से BTS, Antenna, Power System आदि के समायोजन से बनी एक मिश्रित इकाई है जिसमें DRU इसका पार्ट नहीं है एवं BTS स्वंय भी अपने आप में ट्रांसमिशन एपनरेट्स नहीं है।

उपरोक्त आधार पर कर निर्धारण अधिकारी द्वारा DRU को ट्रांसमिशन एपरेट्स का सब—पार्ट मानते हुये अनुसूची—IV Part-A की प्रविष्टि संख्या 28 सपठित प्रविष्टि संख्या 12 से आच्छादित नहीं मानकर 12.5 प्रतिशत की दर से कर योग्य माना है।

विकीपीडिया के साक्ष्य, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के पेटेन्ट, प्रोफेसर के.एस. गुरूमूर्ति की राय एवं MNIT के विशेषज्ञों की राय दिनांक 11.11.2010 के अनुसार BTS एक ट्रांसमिशन एपरेट्स है एवं DRU इसका पार्ट है। यह तथ्य उपायुक्त (अपील्स) द्वारा अपने आदेश दिनांक 02.05.2011 में भी उल्लेखित किया है।

MNIT के विशेषज्ञों द्वारा दिनांक 26.08.2011 को दी गयी संशोधित राय में BTS को ट्रांसमिशन एपरेट्स का पार्ट एवं DRU को ट्रांसमिशन एपरेट्स का सब—पार्ट होना बताया है।

इस पर MNIT के विशेषज्ञों के अनुसार DRU ट्रांसमिशन एपरेट्स का सब—पार्ट है और सब—पार्ट को पार्ट माना जावे या नहीं, इसके संदर्भ में लीगल पक्ष देखते हुये कर निर्धारण अधिकारी पर ही दायित्व डाला गया है।

कर निर्धारण अधिकारी द्वारा इस संबंध में जो न्यायिक निर्णय उद्धरित किये है उनमें भी पार्ट व सब—पार्ट के अन्तर का प्रकट/अप्रकट रूप से उल्लेख नहीं है। अपीलार्थी के अधिकृत प्रतिनिधि ने बहस के दौरान कथन किया कि पार्ट का पार्ट भी मुख्य वस्तु का पार्ट होता है।

अतः पार्ट व सब—पार्ट का जो अन्तर कर निर्धारण अधिकारी द्वारा किया गया है उसका समुचित लीगल आधार बताये बिना ही कर निर्धारण आदेश पारित किया गया है।

कर निर्धारण अधिकारी द्वारा MNIT के विशेषज्ञों के द्वारा दी गयी राय दिनांक 26.08.2011 को आधार मानकर आदेश पारित किया गया है। इस संबंध में अपीलार्थी द्वारा MNIT के विशेषज्ञों से कटु परीक्षण (क्रॉस—एग्जामिनेशन) चाहा था उसका अवसर दिया जाना चाहिए था जो कर निर्धारण अधिकारी द्वारा नहीं दिया गया।

लगातार.....6

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य जैसे विकीपिडिया, Malviya National Institute of Technology (MNIT), जयपुर, बैंगलौर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों प्रोफेसर के.एस. गुरूमूर्ति की राय (opinion) व संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के पेटेन्ट संख्या यू.एस.6577878 बी—1 दिनांक 10.06.2003 के संदर्भ में कर निर्धारण अधिकारी द्वारा कोई सारगर्भित निर्णय नहीं किया गया है कि उक्त राय/साक्ष्य इस प्रकरण में किस प्रकार लागू नहीं होती है।

उपरोक्त संदर्भित प्रकथन किस प्रकार एक दूसरे के पूरक अथवा विरोधाभासी है इस संबंध में कोई तार्किक विवेचना व कारण सहित संदर्भाधीन निर्णय के आधार का अपीलाधीन कर निर्धारण आदेश में अभाव है। अतः यह साबित करना कि तथ्यों के प्रकाश में, निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में तथा क्षेत्र के विशेषज्ञों की अभ्युक्तियों को दृष्टिगत रखते हुये करारोपण का निश्चयात्मक आधार स्पष्ट करना कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अपेक्षित द्वारा अपेक्षित है।

अतः उक्त आधार पर पारित कर निर्धारण आदेश का समर्थन नहीं किया जा सकता। अतः आरोपित अन्तर कर, ब्याज, शास्ति अपास्त करते हुये प्रकरण कर निर्धारण अधिकारी को प्रतिप्रेषित करते हुये निर्देश दिये जाते है कि MNIT के विशेषज्ञों की जिस राय को आधार बनाकर अपीलार्थी के विरूद्ध अतिरिक्त करारोपण की कार्यवाही की गई है, की प्रतिलिपि अपीलार्थी को भी दी जावे तथा अपीलार्थी को MNIT के विशेषज्ञों का कटु परीक्षण (क्रॉस—एग्जामिनेशन) करावें। कर निर्धारण अधिकारी पुनः सम्पूर्ण तथ्यों की जांच करते हुये अपीलार्थी को सुनवाई का पूर्ण अवसर देते हुए विधि सम्मत आदेश पारित करे।

फलतः अपीलार्थी की अपील प्रतिप्रेषित की जाती है।....."

8. उपायुक्त (अपील्स) प्रथम, जयपुर के आदेश दिनांक 20.04.2012 के द्वारा रिमाण्ड प्रकरण का निस्तारण कर निर्धारण अधिकारी के आदेश दिनांक 11.04.2014 के द्वारा किया गया है, जिसके तहत अतिरिक्त कर रूपये 12,04,85,412/—, ब्याज रूपये 6,39,27,426/—, व धारा 61 के तहत् शास्ति रूपये 24,09,70,824/— कुल रूपये 42,53,83,662/— का आरोपण किया गया।

9. कर निर्धारण आदेश दिनांक 11.04.2014 के अनुसार उपायुक्त (अपील्स) के रिमाण्ड आदेश दिनांक 20.04.2012 द्वारा इन बिन्दुओं पर वाद को प्रतिप्रेषित किया गया था :—

लगातार.....7

"1. कि एमएनआईटी के विशेषज्ञो की जिस राय को आधार बनाकर अपीलार्थी के विरूद्ध अतिरिक्त करारोपण की कार्यवाही की गई है, की प्रतिलिपि अपीलार्थी को भी दी जावे।

2. कि अपीलार्थी को एमएनआईटी के विशेषज्ञों का कटुपरीक्षण (क्रास–एक्जामिशन) करावे।

3. कि कर निर्धारण अधिकारी पुनः सम्पूर्ण तथ्यों की जांच करते हुये अपीलार्थी को सुनवाई का पूर्ण अवसर देते हुये विधिसम्मत् आदेश पारित करें।...."

10. अपीलार्थी की ओर से विद्वान अभिभाषक ने बहस में कथन किया कि वाणिज्यिक कर अधिकारी, प्रतिकरापवंचन, राजस्थान–प्रथम, जयपुर द्वारा आदेश दिनांक 11.04.2014 के द्वारा अविधिक रूप से मांग सृजित की है जिसमें कर राशि रूपये 12,04,85,412/– ब्याज राशि रूपये 6,39,27,426/– व शास्ति राशि रूपये 24,09,70,824/– सम्मिलित है। शास्ति के संबध में मांग राशि अपीलीय अधिकारी के द्वारा अपास्त की जा चुकी है। उक्त विवादित आदेश के द्वारा कर निर्धारण अधिकारी ने यह निर्धारित किया है की अपीलार्थी द्वारा विनिर्मित एवं बिक्रीत माल "डबल रेडियो युनिट" (डीआरयू) वैट अधिनियम की अनुसूची-V में रेजीड्यूल प्रविष्टि में वर्गीकृत होने योग्य है तथा तद्नुसार उस पर 12.5 प्रतिशत की दर से कर देय है।

11. दोनों निम्नतर अधिकारियों द्वारा नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों की पालना नहीं की गई है। अपीलार्थी द्वारा बेचा गया माल वैट अधिनियम की अनुसूची-IV की प्रविष्टि संख्या–65 व उसके पार्ट 'ए' में प्रविष्टि संख्या–12 से आच्छादित है, तथा 4 प्रतिशत की दर से कर योग्य है।

12. प्रथम बार वाणिज्यिक कर अधिकारी, प्रतिकरापवंचन राजस्थान वृत्त–प्रथम, जयपुर के द्वारा वैट अधिनियम की धारा 25, 55 व 61 में दिनांक 24.09.2010 को आदेश पारित किया गया तथा बैचे गये माल "डबल रेडियो युनिट" (डीआरयू) पर वैट अधिनियम की अनुसूची-V में 12.5 प्रतिशत की दर से कर योग्य होना निर्णित करते हुए कर, ब्याज व शास्ति आरोपित की गई। कर निर्धारण अधिकारी द्वारा उक्त पारित आदेश दिनांक 24.09.2010 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किये जाने पर अपीलीय अधिकारी ने आदेश दिनांक 02.05.2011 के द्वारा फ्रेश कर निर्धारण आदेश पारित करने हेतु प्रतिप्रेषित किया। कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अपीलीय अधिकारी के आदेश दिनांक 02.05.2011 की पालना में कर निर्धारण आदेश दिनांक 10.10.2011 को पारित किया गया जिसमें बेचे हुए माल को वैट अधिनियम की अनुसूची-V में विहित कर दर से कर योग्य

लगातार.....8

होना माना गया। कर निर्धारण अधिकारी द्वारा दिनांक 10.10.2011 को पारित किये गये आदेश के विरूद्ध पुनः अपील प्रस्तुत किये जाने पर अपीलीय अधिकारी ने अपील आदेश दिनांक 20.04.2012 के द्वारा प्रतिप्रेषित करते हुए पुनः कर निर्धारण आदेश पारित करने के लिये निर्देशित किया। अपीलीय अधिकारी के आदेश दिनांक 20.04.2012 की पालना में कर निर्धारण अधिकारी ने कर निर्धारण आदेश दिनांक 11.04.2014 को पारित किया गया जिसमें अपीलीय अधिकारी ने आदेश दिनांक 17.09.2014 को कर व ब्याज को यथावत रखते हुए अपील अस्वीकार की तथा शास्ति को अपास्त करते हुए अपील स्वीकार की। इसमें कर व ब्याज के बिन्दु पर अपीलार्थी द्वारा अपील की गई है तथा शास्ति के बिन्दु पर विभाग के द्वारा अपील की गई है।

13. अपीलार्थी के विद्वान अभिभाषक ने अग्रिम कथन किया कि BTS (Base Transceiver Station) एक ट्रांसमिशन एप्रेटस है जिस पर कर निर्धारण अधिकारी ने पूर्व निर्णित विचारों के द्वारा कर निर्धारण आदेश पारित किया है तथा निम्नानुसार बहस में कथन किया –

A. It is a settled law that while classifying goods, the foremost consideration is the "statutory definition", if any, provided in the Act. In the absence of any statutory definition, or any guideline provided by the Act or the Rules, the principle of how goods are known in "common trade parlance" is adopted, giving due importance for the common dictionary meaning. The word "Apparatus" is not defined under the RVAT Act or the Rules. Therefore, the meaning of the word has to be understood as per the dictionary meaning.

B. As per the Black's Law Dictionary, the word "apparatus" and "machine" have the same meaning. The Black's Law Dictionary defines the word "machine" as under:

"A device or apparatus consisting of fixed and moving parts that work together to perform some function. Machines are one of the statutory categories of inventions that can be patented".

The Mc-Graw Hills dictionary defines "apparatus" as "acompound instrument designed to carry out a specific function."

The Webster's Dictionary describes the term "apparatus" as an instrument or appliance designeg for a specific operation.

C. The Concise Oxford Dictionary defines "apparatus" as equipment for doing something. The word equipment itself refers to apparatus which is one of the meanings attached to it, as defined in the Concise Oxford Dictionary.

लगातार.....9

D. In the case of I.C.B. (P) Ltd. v. Collector of Central Excise, Baroda, 1997 (95) E.L.T. 239, the Tribunal has held that "apparatus" is a compound instrument designed to carry out a specific function or for a particular use. It further held that in order to decide, whether a particular object is an apparatus, an inquiry has to be made as to what operation it performs.

E. In the case of Commissioner of Trade Tax, U.P. v. Varun Beverages Ltd. 2011 (267) E.L.T. 147(S.C.) the appeal was directed against the Judgment and Order dated 19-01-2010 passed by the Allahabad High Court whereby the High Court allowed the revision petition preferred by the Assistant Commissioner holding that values of "bottles" is to be treated as part of "Fixed Capital Investment" as it is an essential apparatus for manufacture of Soft Drinks and therefore could be governed and covered within the meaning of explanation 4(b)(i) to Section 4-A of the U.P. Trade Tax Act. One of the issues before the Apex Court was whether bottles are treatable as essential apparatus or equipments or components for establishment and running of soft drinks factory. The Hon'ble Supreme Court held that bottles are essential apparatus necessary for running factory for manufacture of soft drink and value of investment thereon form part of fixed capital investment and eligible for exemption.

F. It is pertinent to mention that Ericsson which is a world leader in telecom equipment manufacturing had certified through its Senior Specialist (Products and Projects), Mr. Pankaj Pandey that in trade parlance BTS is known & understood as Transmission apparatus. The relevant extracts of the letter is reproduced below:

"the DRU purchased by us are used as part fitted in BTS manufactured by us which is classified as transmission apparatus incorporating reception equipment for Cellular Telephone Net Work System.

In BTS, DRU is the integral part which operates functions of Tranmission and reception of RF Signals through antenna for functioning of Cellular Telephone Net Work. Cost-wise also DRU is substantially valued part of BTS.

In our trade BTS is known & understood as Transmission apparatus incorporating Reception apparatus and DRU is its integral component/part which facilitates functioning of Cellular phone by regulating calls on such phone.

Reliance is also placed on the expert opinion of Mr. K.S. Gurumurthy, who is an expert in the field of Electronics and Communication Engineering.

लगातार.....10

It is apparent from the aforesaid definition, case laws and expert opinions that BTS is an "apparatus" as it is designed to carry out a specific function and is meant for a particular use. The nature and function of BTS does not change merely because it is referred as a station.

In light of the above, it is ampy clear that there has been no application of mind by both the lower authorities in deciding the matter, and that there were no basis both in law and fact in confirming the tax and interest on the appellant in the instant case. Both the lower authorities appear to have had a single point mind to levy the tax at the higher rate and in an attempt to do so, they have gone beyond the strict scope of de novo proceedings and have also ignored the evidence and case law submitted before them.

Therefore, it is submitted that the classification under Entry 65 of Schedule IV read with Entry 12 and 28 of Part-A of the RVAT Act may be upheld, and the tax and interest confirmed by the appellate Authority may be set aside in toto. The amount recovered from the Appellant may also be directed to be refunded forthwith.

Both the lower authorities have erred in holding that the DRU is classifiable under the residual entry under Schedule V of the RVAT Act

It is submitted that BTS is a transmission apparatus incorporating reception apparatus, and DRU is a part of BTS. Therefore, DRU clearly falls under Schedule IV A of the RVAT Act, and attracts tax @ 4% accordingly.

It is submitted that BTS is a core part of Cellular Telephone System Network which through its transceiver function (i.e. transmitting signals and receiving signals) establishes the link during mobile call set up.

G. The Wikipedia article on "base Transceiver Station" relied upon by the authorities to hold otherwise in the impugned order, in fact establishes the case of the Appellant. The said article provides as follows:

"A base transceiver station (BTS) or cell site is a piece of equipment that facilitates wireless communication between user equipment (UE) and a network. UEs are devices like mobile phones (handsets), WLL phones, computers with wireless internet connectivity, WiFi and WiMAX gadgets etc. the network can be that of any of the wireless communication technologies like GSM, CDMA, WLL, WAN, WiFi, WiMAX etc. BTS is also referred to as the radio base station (RBS), node B (in 3G Networks) or, simply, the base station (BS)....."

लगातार.....11

For the ease of understanding it is pertinent to mention that as quoted in the article above, the communication between user equipment and a network is facilitated by receiving (e.g. from a mobile phone) and transmitting signals (e.g. to a mobile phone), and thus classification under the heading transmission apparatus incorporating reception apparatus is correct in law.

Further, though BTS forms part of the complete cellular network or more specifically the Base Station Subsystem ('BSS') which includes several BTSs spread over a wide geographical location and a Base Station Controller ('BSC'), the actual task of transmission and reception of signals, as covered under entry 12 above is carried out by the BTS alone and all other devices perform supporting functions like supply of power (by Power Supply Unit), distributing signals to various other units (by Distributing Switching Units) or sending out or receiving signals in the air (by Antenna) etc.

Since, BTS has the capability of both transmitting and receiving signals it is more specifically classified as "Transmission apparatus incorporating reception apparatus" under entry 12 of Schedule IV-A to RVAT Act.

In support, the Appellant has relied upon the United States Patent No. US 6,577,878 B1 dated 10 june 2003 which relates to "Base Transceiver Station of Digital Mobile Telecommunication System". Patents are allowed only after strict scientific and technical scrutiny of the application of patent and thus the description provided in a granted patent can be safely relied upon as highly trusted source. The said patent on Page 8, Colum 1 Paragraph 2 states as follows:

"In a digital mobile telecommunication system such as a personal communication system (PCS) or digital cellular system (DCS), generally, a base transceiver station functions to transmit and receive data and voice over radio channel, control a terminal (e.g. a PCS or a DCS terminal), monitor the quality of speech of the terminal and interconnect the terminal and a base station controller (referred to hereinafter as BCS). Namely the base transceiver station is located between a mobile station and a BCS to interface between wired and wireless channels and perform main functions associated with a radio link…..

The base transceiver station is further adapted to perform a function of transmitting and receiving radio signals over a pilot channel, synchronization channel, assess channel, paging channel and traffic channel, a function of routing traffic and control information to the BCS and effort detection/ statistical information collection/report function.

लगातार.....12

H. It is pertinent to note that Radio Base Station 2106 ('RBS 2106') is a BTS manufactured by Ericsson worldwide and in the 'RBS 2106 installation and integration Manual' prepared by Ericsson BTS has been explained at page 13 as follows:

"The Base Transceiver Station (BTS) handles the radio interface to the mobile station. The BTS is the radio equipment (transceivers and antennas) required to serve each cell in the network. A group of BTSs are controlled by a BSC.

The Radio Base Station (RBS) includes all the radio and transmission interface equipment required on one site".

I. Further, heading 8517 of the First Schedule to the Central Excise Tariff Act, 1985 contains as under:

8517 "TELEPHONE SETS, INCLUDING TELEPHONES FOR CELLULAR NETWORKS OR FOR OTHER WIRELESS NETWORKS; OTHER APPARATUS FOR THE TRANSMISSION OR RECEPTION OF VOICE, IMAGES OR OTHER DATA, INCLUDING APPARATUS FOR COMMUNICATION IN A WIRED OR WIRELESS NETWORK (SUCH AS A LOCAL OR WIDE AREA NETWORK), OTHER THAN TRANSMISSION OR RECEPTION APPARATUS OF HEADING 8443, 8525, 8527, OR 8528".

Other apparatus for transmission or reception of voice, images or other data, including apparatus for communication in a wired or wireless network (such as a local or wide area network):

85176100—Base Station

J. As per Rule 6 of the General rules for the interpretation of first Schedule of the Central Excise Tariff Act, 1985, for legal purposes, the classification of goods in the sub-headings of a heading shall be tetermined according to the terms of those sub-headings and any related sub-heading Notes and, mutatis mutandis, to the above rules, on the understanding that only sub-headings at the same level are comparable. For the purposes of the rule the relative Section and Chapter Notes also apply, unless the context otherwise requires.

K. The first Schedule to the Central Excise Tariff Act is based on the Harmonized Commodity Description and Coding System (HSN), also known as the Harmonized System of Tariff Nomenclature, which is standardized international system of classification of products developed by the World Custom, Organization. The WCO has also published Explanatory Notes to the HSN, to clarify the scope of the entries of the HSN. The General Explanatory Notes to the General Rules for the

लगातार.....13

interpretation of first Schedule of the Central Excise Tariff Act, 1985 states that "Where the description of an article or group of articles under a heading is preceded by "-", the said article or group of articles shall be taken to be a sub-classification of the article or group of articles covered by the said heading. Where, however, the description of an article or group of articles is preceded by "—", the said article or group of articles shall be taken to be a sub-classification of the immediately preceding description of the article or group of articles which has "-".

L. From the above, it is evident that under the Heading 8517, "base station" has been specifically mentioned under tariff item 8517 61 00. Further, the tariff item 8517 61 00 is sub-classification of "other apparatus for transmission or reception of voice, images and other data, including apparatus for communication in a wired or wireless network (such as a local or wide area network)", which in turn is a sub-classification of Heading 8517. Therefore, it is obvious that "base station" is an apparatus for transmission or reception. Also, as per the Explanatory Note on Rule 6 of the "General Rules for the Interpretation of the Harmonized System", "base station" must be considered as an apparatus for transmission and reception of voice, image or other data.

Further, since, sub-heading 8517 70 contains parts of all the goods under heading 8517, which per the submissions made above also includes BTS, DRU can be called as part of BTS. For Central Excise purposes, the Appellant has therefore been classifying the DRU under tariff item 8517 70 90 (i.e. "other"), which is a sub-classification of sub-heading 8517 70 (i.e. "parts") of heading 8517.

It is submitted that the Appellant's classification of DRU under the above tariff heading i.e. 8517 70 90 as parts of BTS has not till date been questioned or disputed by the Central Excise department. This is ample evidence of the correctness of classification of DRU as a part of transmission apparatus (viz. BTS) by the Appellant.

M. At this juncture it would be relevant to mention the case of Televista Electronics (P) Limited v. Commissioner of Sales Tax, [Supra] wherein the Hon'ble Delhi High Court observed that:

"There can be no better criteria for determining the trade understanding than taking note of the entries in the Central Excise and Customs Tariff Act because the manufacturers, as well as the importers of goods, who are representatives of trade, industry and business, directly deal with them."

लगातार.....14

N. Accordingly, it is clear from the above submissions that BTS is a transmission apparatus incorporating reception apparatus which performs the function of receiving and sending signals in variety of networks as contemplated under entry 12 of Schedule IV, Part-A. the fact that BTS is a standalone unit and does not form part of any other apparatus has also been recognized and observed by the Hon'ble Supreme Court of India and High Courts in the following cases:

(i) Commissioner of Customs, Bangalore vs. Spice Telecom, Bangalore, (2006)10 SCC_704: The following extract from the decision is relevant:

"13. In order to understand the nature of the goods, a brief background of the cellular network system is required to be understood, as per literature supplied to us on which the reliance was placed by the Tribunal as well.

"A Cellular Network comprises of Main Switching Centre (MSC) operating in tandem with the following:

- **Base Transceiver Stations**
- Base Station Controller
- Transcoder
- Operation Maintenance Centre (OMC-R)
- Digital Cross Connect Systems.

BASE TRANSCEIVER STATION:

The Base Transceiver Station is the interface between the cellular network and the mobile subscriber. The basic function is to receive and transmit mobile calls from the subscriber to the caller through the GSM cellular network supported by BST equipment and the following ancillary equipments of BTS.

- Microwave Communication Equipments (Radio Terminals & Anntennas)
- Power Converter Unit
- Battery back-up Unit
- GSM & Microwave Antennas
- Installation/Ancillary items".

O. (ii) Tata Teleservices Ltd. Vs. Bharat Sanchar Nigam Ltd. and Ors., (2008) 10 SCC 556: The Hon'ble Supreme Court, while discussing the 'cellular system and topology' network stated as under:

"A cell in a cellular system is a circular area with a central transmitter/receiver base station. **BTS contains transmitter and receiver equipment as well as an antenna.** It is raised up on a tower or top of a building. BTS has a 360-degree antenna which is tuned to create a cellular area. When a user turns a phone on, its phone number and serial number are broadcast within the local cell.

लगातार.....15

The BTS picks up the signals and informs the Switching office that a particular device is located within its area. This information is recorded in the switching office for reference. An actual call takes place when the user enters a phone number and its the Send button. The cellular system selects a channel for the user to use during the duration of the call. As users travel, they may move from one cell to another, necessitating a handoff and the selection of a new channel. While in the vicinity of a cell, mobile phone users are under the control of the transmitter/receiver in that cell. A handoff takes place when the base station in one cell transfers control for a user's call to a base station in another cell."

P. (iii) Bharat Sanchar Nigam Limited and Anr. v. Union of India 2006 (2) S.T.R. 161 (S.C.): The Supreme Court observed:

"**104**. Briefly, the subscriber originates/generates his voice message through the handset. The transmitter in the handset converts the voice into radio waves within the frequency band allotted to the Petitioners. The radio waves are transmitted to the switching apparatus in the local exchange and thereafter after vefirying the authenticity of the subscriber; **the message is transmitted to the telephone exchange of the called party and then to the nearest base Transceiver Station (BTS). The BTS transmits the signal to the receiver apparatus of the called subscriber,** which converts the signals into voice, which the subscriber can hear."

Q. (iv) Reliance Infocomm Ltd. Vs. Bharat Sanchar Nigam Ltd. and Ors., AIR 2008 SC 2533: The Supreme Court observed as follows:

"32.One aspect on technoloby needs to be explained. BTS is different from MSC in terms of functionality. **The function of BTS primarily is confined to transmission and communication.** On the other hand, MSC is an exchange. Two databanks exist in the MSC, namely, Home Location Register ("HLR") and Visitor Location Register ("VLR"). HLR is a central data base that keeps track of the location a user is currently at; the VLR is a data base associated with a base station that knows all the users that are currently within the coverage area of a specific base station. If a mobile station moves across a cell boundary, a different base station becomes the serving BS. In other words, the MS is handed over from one base station to another without interrupting the call. This process is known as "Handover". (see: page 34 of the book entitled "Wireless Communications" by Andreas F. Molisch under the caption "User Mobility.") The important thing to be noted in this case is we are basically concerned with the leby of ADC charge-on a given call. The identity of the call and the caller is checked not by the

लगातार.....16

base station but by the MSC. The Numbering plan is also in MSC and not the BTS. In this case, we are essentially concerned with the existing service in MSC on the basis of wich a charge could be levied depending on the type of the originating call. If a Walky call is to be classified as FWA service then the integrity of the Numbering plan would stand infringed. The Numbering plan is co-related to the Databaswe in the MSC. It is for this reason that we have examined the differences in the services, namely, cellular, cordless, FWA etc. it is for this reason that we have analysed the types of devices, namely, fixed device, nomadic device, low mobility, high mobility etc. in our view, MSC is the intelligent network **and BTS is only a receiver and transmitter. The function of BTS is to receive the signals and forward the same to the MSC.** MSC is the intelligent part of the network. MSC has the registration of numbers to be served by the service provider, the mechanism to identify the caller is not with the BTS, HLR is the primary database for all subscriber information, VLR is a network entity whose main function is to provide service to subscribers who are served from a different HLR. The MSC communicates with the VLR to obtain subscriber information to support call processing. The VLR gets its information about visiting roamers from HLR. (see: "Wireless Intelligent Networking" by Gerry Christensen, Paul G. Florack and Robert Duncan at p. 77). According to Wikipedia, Fixed Wireless Terminal ("FWT") units differ from conventional mobile terminal units operating within cellular networks-such as GSM-as FWT or desk phone is limited to a permanent location. Therefore, all the above literature and reference books indicate that FWA is a service which is limited to permanent location. The singnificance of FWA is that it dispenses with the last mile wireline connectivity and to that extent it is cost effective. The wireless access point is a device that connects wireless communication devices together to form a wireless network. Wireless Access Point ("WAP") usually connects to a wired network. (see: Wikipedia)".

R. (v) The State of Andhra Pradesh vs. M/s. Bharat Sanchar Nigam Limited, Hyderabad, MANU/AP/0696/2011: In this case, the Andhra Pradesh HC held:

"The functioning of the mobile telecommunication system/ network involves the following steps:

1. the subscriber originates/generates/produces the voice by speaking through the handset;
2. **this voice generated by the subscribers is transmitted on airwaves to the BTS;**

लगातार.....17

3. **BTS then transmits the said voice to a modified 'Flexent' wireless platform on airwaves/cables;**

4. The modified 'Flexent' in turn verifies and validates the authenticity of the subscriber and, upon such verification, transmits the said voice to the local exchange via BZ-SP on cables;

5. the LE switches the voice of the subscriber to the Called Party which voice is again carried from LE to modified 'Flexent' via BZ-SP to BTS to the Called Party's handset/telephone instrument all on airwaves."

S. Further, the issue regarding whether DRU is part of BTS has been settled vide the impugned Order itself. The impugned Order states that MNIT experts, during the cross-examination have clarified that "DRU is an integral part of the BTS. Therefore, the arguments and evidences submitted earlier in support of DRU being an integral part viz. Ericsson Certificate through its Senior Specialist (Products and Projects), Mr. Pankaj Pandey, publication of the 'EJL Wireless Research LLP', to 'RBS 2106 Inltallation and integration Manual' prepared by Ericsson, document titled "Reducing TCO with the new RBS 2x16" authored by Stephen Carson, Christer Friberb et al. are not reiterated by the Appellant.

T. From the above submissions expert opinion it is amply clear that BTS is a transmission apparatus and DRU is an integral part of the BTS and thus is squarely classifiable under entry 28 of Schedule IV-A as 'part of 1 to 28 above' (which includes BTS falling under entry 12).

U. For the purpose of classification, specific entry would prevail over the residuary entry when a particular good is capable of being classified under a specific entry.

It is a settled law that if there is a specific entry then the items covered or intended to be covered under that entry cannot be said to be covered in residuary entry. Every word or entry in a taxing statute has definite meaning or scope. The legislature has the wisdom to classify or put particular items in the Schedule.

It is submitted that various judicial precedents have been propounded strengthening the view that when a particular good is capable of being classified under a specific entry, the recourse to residuary Entry should be ingnored. Following are the judgments enunciated by the Hob'ble Supreme Court in this regard:

लगातार.....18

V-1. In re: **Shanti Sugicals Private Limited, 2009 (246) ELT 836**

"23. In my opinion the basics of the classification are that initially an attempt should be made to search a specific entry where the goods can be classified as per the nomenclature and the constituent material. In case no specific entry is available the next attempt should be to find the nearest entry where the goods can be classified. In case both the attempts turn to be futile then the attempt should be made to consider the end uses, the inclusion and exclusion clauses provided in the section notes, the chapter notes and the explanatory notes given the HSN. While doing so the interpretation of the said Note will depend upon the context in which the entries have been worded. If an entry is clearly worded and is broad in character, the same would lead to the conclusion. An entry is to be given its ordinary meaning. If any goods fit in within one entry, the same for any purpose would not be held to be included in the other and particular residuary."

V-2. Moorco (India) Limited v. CCE, Madras, 1994 (74) ELT 5 (Supreme Court)

